## बच्चों के दांतों का किया निरीक्षण

**कुरुक्षेत्र/दुग्गल :** गांव झांसा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए मौखिक स्वास्थ्य पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सामुदायिक केन्द्र की तरफ से राजकीय माध्यमिक विद्यालय दुनिया माजरा में बच्चों के दांतों की जांच की गई। यह जानकारी देते हुए डा. जसकिरन कौर ने बताया कि सफाई न रखने के कारण मुंह से दुर्गन्ध आना, दांतों में कीड़ा लगना, मवाद आना, मुंह का सूजना, जिसके कारण दांतों में मवाद आना शुरू हो जाती है। इस बीमारी को पायरिया के नाम से जाना जाता है। इस बीमारी के कारण मुंह का कैसर, हृदय रोग भी हो सकते है। इस मौके पर जसबीर सिंह, हरविंद्र सिह सविता सैनी, डा.दीपक, डा.आरतीव, संजीव कुमार मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## एस.डी. सीनियर सैकेंडरी स्कूल में मनाया समारोह




**नरवाना, (नरेन्द्र जेठी) :** सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैनाल रोड़ नरवाना परिसर में 17 सितंबर को स्थापना के 50वी वर्षगांठ स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तदर्थ सनातन धर्म शिक्षा समिति के संयोजक सुदेश चोपड़ा द्वारा की गई। प्राचार्य रामफल चहल ने बताया कि आज से 50 वर्ष पहले महान शिक्षाविद् स्वर्गीय बलबीर चंद गुप्ता ने इस विद्यालय रूपी पौधे की नींव रखी थी ।जो अब बरगद के रूप में सभी को छाया प्रदान कर रहा है। इस कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिनमें राजीव गांधी कालेज, एस.डी पब्लिक स्कूल, पतराम नगर शाखा की भी भागीदारी रही। कार्यक्रमों में प्रमुखता राजस्थानी, पंजाबी, हरियाणवी नृत्य की रही। इसके साथ ही लोकगीत-रागनी, हरियाणवी स्कीट के माध्यम से लोगों को बहुत सुंदर-सुंदर संदेश दिए गए। जिनमें एक मोबाइल के दुरुपयोग के बारे में बताया। अंग्रेजी प्रवक्ता राजेश नैन ने स्वर्गीय बलबीर चंद गुप्ता पर रागनी गाकर लोगों का मन मोह लिया।

## एनसीसी कैडेट्स की सिलैक्शन के लिए जींद से आई बटालियन



**नरवाना, (नरेन्द्र जेठी) :** सनातन धर्म महिला महाविद्यालय नरवाना में एनसीसी कैडेट्स की नई इनरोलमेंट के लिए 15 हरियाणा बटालियन जींद से अपने पी आई स्टाफ पहुंचा। उनका महाविद्यालय में पधारने पर कॉलेज प्राचार्या डॉ अंजना लोहान व ए एन ओ लेफ्टिनेंट डॉ नयनदीप व स्टाफ सदस्यों ने स्वागत किया महाविद्यालय में एन सी सी कैडेट्स की नई एनरोलमेंट के लिए 53 छात्राओं में से 26 छात्राओं को चयनित किया जाना है। एनसीसी कैडेट्स चयन के लिए छात्राओं को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा। इन छात्राओं की लिखित परीक्षा के साथ साथ फिजिकल फिटनेस की परीक्षा भी देनी पड़ी। 800 मीटर की रेस करवा कर इन छात्राओं का स्टैमिना देखा गया। छात्राओं द्वारा दिए गए परीक्षा पत्रों को बटालियन अपने साथ जींद ले गई। निर्धारित मानदंडों के अनुसार चयनित कैडेट्स के नाम बटालियन द्वारा भेज दिए जाएंगे कर्नल जे एस डोड्डी जी एन सी सी के द्वारा करवाई गई गतिविधियों से पूर्णत: संतुष्ट नजर आए। उन्होंने छात्राओं के अनुशासन की भूरी भूरी प्रशंसा की। कॉलेज में एनसीसी यूनिट, एनएसएस यूनिट्स और बटालियन से स्टाफ द्वारा पौधरोपण किया गया।

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में 5 दिवसीय शॉर्ट टर्म कोर्स सम्पन्न




**कुरुक्षेत्र/दुग्गल :** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में 5 दिवसीय शॉर्ट टर्म कोर्स का समापन किया गया। कार्यशाला का आयोजन कंप्यूटर ऐप्लिकेशन विभाग कर रहा था। कार्यशाला के समापन में मुख्य अथिति के रूप में प्रो दीक्षित गर्ग डीन विद्यार्थी कल्याण विभाग एनआईटी कुरुक्षेत्र ने शिरकत की। कार्यशाला का विषय मशीन बौद्धिकता एवं विजन विधि था। कार्यशाला में ना केवल देश के विभिन्न आईआईटी, एनआईटी और स्टेट यूनिवर्सिटी के छात्र और छात्राएं भाग लिया, अपितु विदेश भर के संस्थानो के छात्रों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। कार्यशाला में भारतीय प्रौद्योगिकी एवं सूचना संस्थान, जबलपुर के प्रो प्रीति खन्ना ने आनलाइन जुड़ कर सम्मानीय अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य एआई, कम्प्यूटर विजन और प्रौद्योगिकियों के वास्तविक समय के अनुप्रयोगों पर व्याख्यान और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था।

## भाजपा प्रत्याशी ने मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन



**कुरुक्षेत्र/दुग्गल :** जिले के वरिष्ठ नेता और कांग्रेस में उपाध्यक्ष रहे मदन लाल कवात्रा ने अपने साथियों विक्की खुंगर, प्रवेश कुमार, बंशी लाल अमीन, रोहताश पंडित, पिंटू सिंह, राजू कवात्रा व गौरव खुंगर के साथ मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी की नीतियों में आस्था जताते हुए भाजपा को ज्वाइन कर लिया जिसका थानेसर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी सुभाष सुधा ने तहदिल से स्वागत किया और कहा कि भाजपा परिवार में सभी नेताओं और कार्यकर्त्ताओं को पूरा मान-सम्मान मिलेगा। सुभाष सुधा ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि मदन लाल कवात्रा भाजपा के सबका साथ और सबका विकास के विजन को लेकर आगे बढ़ेंगे और भाजपा की प्रचंड जीत के लिए पूरी लग्न के साथ कार्य करेंगे। वहीं, इससे पूर्व भाजपा प्रत्याशी सुभाष सुधा ने कुरुक्षेत्र के कालेश्वर मंदिर में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित हवन-यज्ञ और भंडारे में परिवार सहित पहुंच कर आहुति डाली और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी ने साधु-संतों की गरिमामयी उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लंबी आयु के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## सांप के डसने से बच्चे की गई जान



**तरावड़ी/वीरेंद्र जांगड़ा :** तरावड़ी वार्ड नंबर 9 के रहने वाले 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले 16 वर्षीय बच्चे की सांप के काटने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक के पिता सुरेश कुमार ने बताया कि रात को दोनों बच्चे व उनकी मां बेड पर सोए हुए थे। मैं छत पर सोया हुआ था लगभग 12 बजे के करीब नीचे से चीखने चिल्लाने की आवाज़ आई तब मैं नीचे उतरा देखा तो एक सांप ने कपिल के हाथ पर डस लिया है और दूसरे बगल में सोए बच्चे निखिल ने आनन फानन में सांप को नीचे की ओर झटका। बच्चे के परिजन कपिल को बाइक पर अस्पताल ले गए। डाक्टरों ने परिजनों से सांप काटने की जानकारी लेकर उसका इलाज शुरू किया कुछ समय बाद बच्चे की मौत हो गई।

# 19 सितंबर को जारी होगा जेजेपी का घोषणा पत्र

## • जन नायक जनता पार्टी ने की सिरसा में बैठक

**उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क**

**चंडीगढ़/धरणी :** हरियाणा के विधानसभा चुनाव में जुटे राजनीतिक दल अब सरकार आने पर जनता के लिए किए जाने वाले कामों की घोषणाओं को अंतिम रूप में देने में जुट गए हैं। हर राजनीतिक दल अपने घोषणा पत्र को खास रूप देकर जारी करने की कौशिश में हैं, जिससे वह जनता के अधिक से अधिक वोट हासिल कर पाए। इसी को लेकर जन नायक जनता पार्टी की ओर से घोषणा पत्र को लेकर सिरसा में एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में घोषणा पत्र में की जाने वाली घोषणा को लेकर चर्चा की गई। बताया जा रहा है कि जेजेपी की ओर से 19 सितंबर को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया जाएगा। घोषणा पत्र में अग्निवीरों को फौज में अफसर बनाने और उनके सुरक्षित भविष्य के लिए शहीद भगत सिंह के नाम से योजना लागू करने के साथ अग्निवीरों की उच्च शिक्षा का पूरा खर्च सरकार की ओर से उठाने का वादा किया गया है। साथ ही दाखिले के समय स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों का मुफ्त बस पास बनवाने, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों के आने-जाने के लिए परिवहन की विशेष व्यवस्था करने, नीट, यूजीसी, जेई परीक्षा की तैयारी के लिए कोटा, दिल्ली की तर्ज पर जींद जिले को स्पेशल एजुकेशन सिटी बनाने, जिसमें हरियाणा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का केंद्र बनाने का दावा किया गया है।

इसके अलावा सरकारी नौकरियों के फॉर्म भरने के लिए आवेदन फीस के रूप में एक बार 500 रुपए लिए जाने की भी बात कही गई है। प्राइमरी से लेकर उच्च शिक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए पांच लाख रुपए के मेडिकल बीमा की व्यवस्था करने का भी दावा




किया गया है। दोपहिया वाहनों की रजिस्ट्रेशन फीस निःशुल्क करके दोपहिया वाहनों को टैक्स फ्री करने, खेलों को बढ़ावा देने के लिए जेजेपी खिलाड़ियों की डाइट राशि 400 से बढ़ाकर 1000 रुपए करने, खेल नर्सरियों के खिलाड़ियों की प्रोत्साहन राशि भी बढ़ाकर पांच हजार रुपए प्रति माह करने, ओलंपिक से जुड़े खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर जिले में खेल अकादमी खोले जाने का भी दावा किया गया है। कोऑपरेटिव तौर पर किसानों की कर्ज माफी पर विचार करने, किसानों को फसल खराबे पर 25 हजार रुपए प्रति एकड़ तक का मुआवजा देने, जननायक फसल सुरक्षा बीमा योजना लागू कर किसान की प्रीमियम राशि सरकार की ओर से वहन करने का दावा किया गया है।

इसके अलावा राशन डिपुओं की तर्ज पर महिलाओं को कॉपरेटिव सेक्टर में वीटा बूथ, हरित केंद्रों आदि के संचालन में 33 प्रतिशत की हिस्सेदारी सुनिश्चित करने का भी दावा किया गया है। इसके साथ ही सभी सरकारी शिक्षण संस्थानों की टीचिंग जॉब में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने, आंगनबाड़ी और आशा वर्कर्स का मानदेय 21 हजार रुपए प्रतिमाह करने, बीसीए और बीसीबी वर्ग की नौकरियों में आरक्षण और विभिन्न सरकारी योजनाओं में हिस्सेदारी सुनिश्चित करने की बात कही गई है।

# रोड समाज के हजारों प्रतिष्ठित लोगों ने दिया अशोक अरोड़ा को समर्थन



जनसभा में संदीप मरवाह सन्नी व उनके समर्थकों को कांग्रेस में शामिल करवाते पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा।

**उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क**

**कुरुक्षेत्र/दुग्गल :** रोड समाज के हजारों गणमान्य लोगों ने मायाराम चंद्रभानपुरा व उनके पुत्र सुनील राणा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस प्रत्याशी अशोक अरोड़ा को समर्थन देने का ऐलान किया है। वहीं, विष्णु कालोनी निवासी युवा व्यापारी नेता संदीप मरवाह सन्नी ने अपने लगभग दर्जनों समर्थकों के साथ भाजपा छोड कर कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा की।

इसी के साथ साथ विरेंद्र सिंह व उनके साथियों ने भी भाजपा छोड कर कांग्रेस का दामन थामा। इन सभी को पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कांग्रेस का पटका पहना कर पार्टी में शामिल किया। अरोड़ा ने कहा कि संदीप मरवाह व उनके साथियों के कांग्रेस में शामिल होने से पार्टी ओर अधिक मजबूत होगी। अरोड़ा ने सभी को कांग्रेस के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करवाने के लिए चुनाव अभियान में जुटने की अपील की।

अशोक अरोड़ा ने 7 बी में रोड बिरादरी के प्रतिष्ठित नेता मायाराम चंद्रभानपुरा तथा विष्णु कॉलोनी में संदीप मरवाह के निवास पर विशाल जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने समाज के हर वर्ग को अपमानित करने का काम किया है। अहंकार से भरी भाजपा सरकार ने समाज के लोगों को जमकर अपमानित किया।

# मच्छरों से बचाव को लेकर निगम ने करवाई फॉगिंग

**उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क**

**जगाधरी/ राजकुमार शर्मा :** मच्छर जनित बीमारियों से बचाव को लेकर नगर निगम द्वारा हर वार्ड की हर कालोनी में फॉगिंग कराई जाएगी। प्रत्येक वार्ड में निगम द्वारा चार बार फॉगिंग कराई जाएगी। फॉगिंग के लिए दोनों जोन में टीमें बनाई हुई है। मंगलवार को नगर निगम के जोन एक में वार्ड पांच और जोन दो के वार्ड 13 की विभिन्न कॉलोनियों में फॉगिंग कराई गई। ताकि क्षेत्र में मच्छरों से होने वाले डेंगू, मलेरिया, व अन्य बुखार और मच्छर जनित बीमारियों से निजात मिल सके। दो सितंबर से निगम द्वारा वार्ड वाइज शुरू किया गया फॉगिंग कराने का यह कार्य नौ नवंबर तक जारी रहेगा। निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर दोनों जोन में फॉगिंग के लिए टीमें बनाई हुई है। जोन एक में



वार्ड नंबर 13 की जम्मू कॉलोनी में फॉगिंग करते निगम कर्मी।

सीएसआई हरजीत सिंह व जोन दो में सीएसआई सुनील दत्त की टीमें फॉगिंग कार्य कर रही है। दोनों जोन में फॉगिंग के लिए दो बड़ी मशीनें व 12 छोटी मशीन है।

बड़ीमशीन को निगम के वाहन में रखकर मुख्य मार्ग व चौड़ीगलियों में फॉगिंग कराई जा रही है। छोटी मशीनों से कॉलोनियों व गांवों की छोटी गलियों में फॉगिंग की जा रही है। मंगलवार को सीएसआई हरजीत सिंह के नेतृत्व में बनाई टीमों ने जोन एक के वार्ड नंबर पांच की मधुबन कॉलोनी, गांधी नगर, अग्रसेन नगर, बूड़िया चौक, कल्याण नगर, बूड़िया गेट, वाल्मीकि बस्ती व अन्य कॉलोनियों में फॉगिंग कराई गई। इसी तरह जोन दो में सीएसआई हरजीत सिंह के नेतृत्व में वार्ड 13 की जम्मू कॉलोनी, गढ़ी गुजरान, विश्वकर्मा चौक व पुराना हमीदासमेत अन्य क्षेत्रों में फॉगिंग कराई गई।

# कवलजीत सिंह अजराना फिर बने एचएसजीएमसी प्रवक्ता

**उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क**

**कुरुक्षेत्र/दुग्गल :** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने कवलजीत सिंह अजराना को एक बार फिर से संस्था का प्रवक्ता मनोनीत किया है। प्रधान ने इस संबंध में नियुक्ति पत्र देकर अजराना को बधाई दी। असंध ने बताया कि कवलजीत सिंह अजराना ने पिछले टर्म में बहुत अच्छे ढंग से कार्य किया। उनकी कार्यकुशलता को देखते हुए उन्हें यह उत्तरदायित्व फिर से दिया गया है।



कवलजीत सिंह अजराना को नियुक्ति पत्र सौंपते प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध व धर्म प्रचार चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल।

अजराना ने अपनी नियुक्ति पर प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध व कार्यकारिणी समिति का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा उन्हें जो उत्तरदायित्व सौंपा है, वे उसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगें।

# आयोग ने विधानसभा चुनावों में बढ़ाई प्रत्याशी के खर्च की सीमा

## • चाय-समौसा समेत हर चीज के रेट हुए तय

**उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क**

**चंडीगढ़/चंद्रशेखर धरणी :** हर चुनाव की तरह से इस विधानसभा चुनाव के लिए भी चुनाव आयोग ने प्रत्याशियों के खर्च की सीमा के साथ ही अन्य वस्तुओं के रेट तय कर दिए गए हैं। सभी प्रत्याशियों को अपने प्रचार के दौरान खर्च की जाने वाली राशि का पूरा लेखा-जोखा देना होगा। आयोग की ओर से चाय और समोसा से लेकर फूल माला तक के लिए भी रेट तय किए हैं। फूलों की माला का खर्च 20 रुपए तय किया गया है। नेताजी को चुनावी रैलियों, मीटिंग में यूज होने वाली प्रति कुर्सी 20 रुपए और सोफा के 300 रुपए चुनाव खर्च में शामिल करना होगा। कार्यकर्ताओं और समर्थकों के चाय-समोसा पर 25 रुपए तक चुनाव खर्च कर सकेंगे।

### बढ़ गई खर्च की सीमा

विधानसभा चुनाव में जनसभा, बैठक व प्रचार के दौरान प्रत्याशी-आमजन के लिए उपयोग होने वाली सामग्रियों की सूची को भी चुनाव आयोग की ओर से फाइनल कर दिया गया है। नामांकन कराने के साथ ही प्रत्याशियों का चुनावी खर्च मीटर दौड़ना शुरू हो चुका है। चुनाव में एक प्रत्याशी का खर्च इस बार बढ़ा दिया गया है। पहले विधानसभा चुनाव में एक प्रत्याशी 28 लाख रुपए तक खर्च कर सकता था, जबकि इस बार 40 लाख रुपए खर्च कर सकेगा, लेकिन उसे एक-एक रुपये का हिसाब आयोग को बताना होगा।

### किसके कितने रेट

कुर्सी 20 रुपए प्रति पीस, सोफा 300 रुपए प्रति पीस, कैप 20 रुपए प्रति पीस, टी-शर्ट 70 रुपए प्रति पीस, चाय 10 रुपए प्रति पीस, समोसा 15 रुपए प्रति पीस, ब्रेड पकौड़ा 20 रुपए प्रति पीस, डिनर वेज 100 रुपए प्रति थाली, लंच वेज 100 रुपए प्रति थाली, फ्लैक्स बैनर 15 रुपए स्कॉयर फीट, कपड़ा बैनर 50 रुपए स्कॉयर फीट, कपड़ा झंडा 23 रुपए प्रति पीस।

भारत निर्वाचन आयोग ELECTION COMMISSION OF INDIA

### नज़र रखेंगी टीमें

चुनावी खर्च पर नजर रखने के लिए बैठकों, रैलियों व जनसभाओं की विडियोग्राफी कराई जाएगी और इसके लिए टीमों का गठन किया गया है। चुनाव से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि पब्लिक मीटिंग में लाउडस्पीकर, एम्प्लीफायर और माइक्रोफोन का प्रतिदिन का खर्च 1500 रुपए तय किया गया हैं। चुनाव प्रचार में शामिल होने वाले प्रति रिक्शा, तीन पहिया वाहन के 1500 रुपए, कारों में स्विफ्ट डिजायर के 3000 रुपए, बोलेरो के लिए 4,500 और इनोवा के लिए 5000 रुपए प्रतिदिन चार्ज तय किया गया है।


# सांझी प्रतियोगियों को लाखों के पुरस्कार वितरित करेगा विरासत

**उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क**

**कुरुक्षेत्र/दुग्गल :** लोक कला सांझी धीरे-धीरे विलुप्ति के कगार पर पहुंच गई है। लोककला सांझी को बचाने के लिए विरासत हेरिटेज विलेज जी.टी. रोड मसाना द्वारा आयोजित चौथे विरासत सांझी उत्सव-2024 में सांझी प्रतियोगिता का आयोजन 2 अक्टूबर से किया जा रहा है।

इस प्रतियोगिता में उत्तर भारत के जहां सांझी बनाई जाती है किसी भी राज्य की महिला भाग ले सकती है। प्रतियोगिता में विजेताओं के लिए 1 लाख 43 हजार सात सौ रुपए के पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं।

यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक डॉ. महा सिंह पूनिया ने दी। उन्होंने बताया कि विरासत सांझी उत्सव-2024 में प्रथम पुरस्कार 51 हजार, दूसरा 31 हजार, तीसरा 21 हजार, चौथा 11 हजार, पांचवा 51 सौ रुपए, छठा पुरस्कार 31 सौ रुपए, सातवां 21 सौ रुपए के पांच पुरस्कार जबकि आठवां 11 सौ रुपए के दस पुरस्कार रखे गए हैं। कार्यक्रम का आयोजन विरासत हेरिटेज विलेज मसाना में किया जा रहा है। सांझी लगाने की प्रक्रिया 2 अक्टूबर 2024 को



अमावस्या के दिन होगी, जबकि पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन 11 अक्टूबर शुक्रवार को दोपहर बाद चार बजे आयोजित किया जायेगा।

इस सांझी उत्सव में भाग लेने वाली सभी महिलाओं एवं कलाकरों को घर से सांझी बनाकर लानी होगी। विरासत में प्रत्येक कलाकार को स्थान उपलब्ध करवाया जायेगा, जिस पर वह सांझी लगाई जाएगी। इसके बाद निर्णायक मंडल के सदस्य सांझी प्रतियोगिता का मूल्यांकन करेंगे और सभी विजेताओं को 11 अक्टूबर को पुरस्कार वितरण किए जाएंगे।

# विभिन्न पार्टियों को अलाट किए गए चुनाव चिन्ह

**पिहोवा/विनायक दत्त शर्मा :** रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी नागरिक अमन कुमार ने कहा कि विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है। इस प्रक्रिया के चलते सोमवार को तीन उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र वापिस लिया। शेष 9 उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह अलाट किए गए। रिटर्निंग अधिकारी अमन कुमार ने कहा कि विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए नामांकन पत्रों को भरा गया था। छंटनी उपरांत रद्द नामांकन पत्रों के अलावा जो नामांकन पत्र शेष रह गए थे, उनमें से गगनजोत संधु, अर्शपाल सिंह तथा जस्तेज सिंह तीन उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए हैं। कुल 9 उम्मीदवार अपनी-अपनी पार्टी के लिए चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि 9 उम्मीदवारों को सोमवार को चुनाव चिन्ह अलाट कर दिए गए हैं। उम्मीदवार गैहल सिंह संधु को झाड़ू का चिन्ह, जय भगवान शर्मा को कमल, बलदेव सिंह वडैच को चश्मा, मनदीप सिंह चटठा को हाथ, डा. सुखविंदर कौर को चाबी, कुलदीप सिंह को बाल्टी, गुरनाम सिंह को आटो रिक्शा, रजत शर्मा इस्माईलाबाद को गैस सिलेंडर तथा श्याम लाल गुमथला गढु को बिजली का खंभा चुनाव चिन्ह अलाट किए गए है।

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर-23, शॉल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।
कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स वेपसन इंजीनियर्स/ अंकित अग्रवाल/ शैली अग्रवाल/ शैली अग्रवाल पत्नी अंकित अग्रवाल/ '662405600897/ '662455015061/ '662455015024 | संपत्ति का बियरिगं प्लॉट संख्या 33, क्षेत्रफल 809.84 वर्ग गज, नगरपालिका स्थायी संपत्ति आईडी संख्या 302सी364यू63, औद्योगिक क्षेत्र चरण-I में स्थित, यमुना नगर, जगाधरी, तहसील जगाधरी, जिला- यमुना नगर, हरियाणा/ सितंबर 13, 2024 | मई 31, 2024 रु. 1,58,47,171.00/- | यमुनानगर |

उपरोक्त कर्ज़दार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(याँ) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी।

**दिनांक : सितंबर 18, 2024**
**स्थान : जगाधरी एवं यमुनानगर**

**भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए**

ICICI Home Finance | **कॉर्पोरेट कार्यालय:** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया
**शाखा कार्यालय:** प्रथम मंजिल, जुबीन टॉवर, बीसाइड आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, जी.टी. रोड, पानीपत-132103.

**निजी संधि के माध्यम से अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत निजी संधि के माध्यम से अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(8) के साथ नियम 9(1) के साथ पठित।
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईसीआईसीआई एचएफसी) ने नीचे उल्लिखित बंधक संपत्ति की बिक्री के लिए कई ई-नीलामी आयोजित की, हालांकि, ऐसी सभी ई-नीलामी विफल रहीं।अब, एक इच्छुक खरीदार ने उक्त संपत्ति को **8,00,000/- रुपये** की राशि में खरीदने के प्रस्ताव के साथ आईसीआईसीआई एचएफसी से संपर्क किया है, इसके द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/चार्जड है, जिसका कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को निजी संधि के माध्यम से 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है', तथा 'जो कुछ भी है', के आधार पर बेचा जाएगा, जैसा कि नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण में बताया गया है;

| क्र. सं. | ऋणदाता (ऐं)/सह ऋणदाताओं/ ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम, ऋण खाता नं. | सुरक्षित सम्पत्ति(ऐं) के साथ ऋणभार का विवरण यदि कोई हो | बकाया राशि | आरक्षित कीमत / जमा धरोहर राशि | जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय | निलामी की तिथि एवं समय | नीलामी तिथि से एक दिन पहले | सरफेसी स्टेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) | (ज) | (झ) |
| 1. | मोनू (ऋणदाता) शबनम (सह-ऋणदाता) Loan Account No. LHSMK00001300709 | खेवट नं. 226, खतौनी नं. 278, 279, गांव पावटी तहसील समालखा पानीपत-132103 | रु. 18,36, 971.72/-, 09, सितंबर 2024 | रु. 8,00,000/- / रु. 80,000/- | 24 सितंबर 2024 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक | 04 अक्टूबर 2024 को सायं 02:00 बजे से सायं 03.00 बजे तक | 03 अक्टूबर 2024 को सायं 04.00 बजे से पहले | भौतिक कब्जा |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड** की वेबसाइट ( **URL Link- eauctions.samil.in**) पर आयोजित की जाएगी। संभावित बोलीदाता(ओं) को **03 अक्टूबर, 2024** को शाम **04:00** बजे से पहले या उससे पहले लेख के शीर्ष पर उल्लिखित **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड,** शाखा कार्यालय के पते पर बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) जमा करना होगा। संभावित बोलीदाता को पंजीकरण फॉर्म और बोली नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति लेख के शीर्ष पर उल्लिखित **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड,** शाखा कार्यालय पते पर **03 अक्टूबर, 2024** को शाम **05:00** बजे से पहले जमा करानी होगी। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी'** के पक्ष में **पानीपत** में देय होना चाहिए।
आम जनता से अनुरोध है कि वे ऊपर उल्लिखित इच्छुक खरीदार द्वारा पेश की जा रही राशि से अधिक की अपनी बोलियाँ प्रस्तुत करें। इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि यदि आईसीआईसीआई एचएफसी को उपर्युक्त इच्छुक खरीदार द्वारा पेश की जा रही राशि से अधिक की कोई बोली प्राप्त नहीं होती है, तो बंधक संपत्ति को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 (1) के साथ नियम 8(8) के अनुसार उक्त इच्छुक खरीदार को बेच दिया जाएगा।
निरीक्षण, बिक्री की शर्तों और नियमों या बोलियों को प्रस्तुत करने के संबंध में किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300** पर संपर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तिथि: सितंबर 18,2024
स्थान: पानीपत

प्राधिकृत अधिकारी, 'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड'
**CIN Number U65922MH1999PLC120106**